## संक्षिप्त

### गुलाबचंद कटारिया का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

**उदयपुर ।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया आज प्रवास पर अपने गृह नगर उदयपुर पहुंचे जहां महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर उमडे देहात शहर भाजपा कार्यकर्ताओं के सैलाब ने बडे ही उत्साह और उनके साथ नारेबाजी करते हुए राज्यपाल कटारिया का स्वागत किया। कटारिया जैसे ही टर्मिनल से बाहर निकले कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारो से वातावरण गुंजायमान कर दिया। प्रशासन ने कटारिया को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने कटारिया का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मेवाड का शेर आया के नारे लगाए। भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर परबडी संख्या में शहर एवं देहात के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मगरमच्छ का किया रेस्क्यु

**उदयपुर।** वाइल्ड एनिमल और नेचर रेस्क्यू सोसाइटी के सदस्यों ने रविवार को उदयसागर के समीप एक 8 फीट लम्बा विशालकाय मगरमच्छ रेस्क्यू कर पुन :सुरक्षित क्षेत्र में छोडा।रविवार को उदय सागर बावजी मंदिर के यहां पानी की अधिकता के कारण एक 8 फिट का मगरमच्छ आबादी क्षेत्र में आ गया जिसे रेस्क्यू करने के लिए वाइल्ड एनिमल और नेचर रेस्क्यू सोसाइटी को सूचना मिली । मौके पर संस्था के संस्थापक विक्रम सालवी,जमना दास वैष्णव,हिम्मत सिंह,सुरेश मेघवाल,निर्भय सिंह चौहान,बन्सी लाल गमेती पहुंचे । टीम ने फॉरेस्ट अधिकारी गणपत सिंह,वनरक्षक पुष्पेंद्र डांगी,राज सिंह और नीलेश के निर्देशन में मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन्य क्षेत्र में सुरक्षित छोडा।

### स्कूल से नकदी चोरी

**उदयपुर ।** शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में स्थित स्कूल का ताला तोड़ चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गोविन्द पुत्र मुरलीधर गोतम निवासी गुमानिया वाला राजकीय आवास पंचवटी हॉल मैनेजर सिडलिंग मोडल पब्लिक स्कूल ब्राम्हणों का गुडा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 13 सितंबर रात में आए चार नकाबपोश चोर स्कूल का ताला तोड़ कर 4 लाख रूपये नकदी चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर सीसीटीवी केमरों में वारदात होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल जगदीशचन्द्र व्यास कर रहे है।

### हिंदी दिवस मनाया

**उदयपुर।** सामाजिक जीवन में भाषा का अपना महत्व हैण् इसी तरह प्रकृति का सभी जीवों पर विशेष महत्व हैं,ऐसे में जरूरी हो जाता है कि हम प्रकृति को जोडे रखने में सहायक बने। बिगडते पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मनुष्य की वैश्विक प्रगति ही जिम्मेदार हैं, अत: प्रकृति के साथ संतुलन को बनाये रखने की जिम्मेदारी भी मनुष्य की ही हैं। इसके लिए जरूरी हैं कि समाज में प्रकृति के सानिध्य की जागरुकता बढे। यह विचार एल.आई.सी.के विकास अधिकारी विजय मारू ने हिंदी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम में रखे। पौधारोपण कार्यक्रम में संस्था के आर.एल. श्रीमाल ने प्रकृति साधना केन्द्र के बारे में उपस्थित अभिकर्ताओं को जानकारी दी । वन्यजीव विशेषज्ञ डॉक्टर विनय दवे द्वारा प्रकृति में मनुष्य के व्यापक हस्तक्षेप और इससे वन्य जीवों पर प्रभाव को रेखांकित किया।

### कार चोरी

**उदयपुर।** हाथीपोल थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित इम्तियाज मोहम्मद पुत्र मोहम्मद अकबर निवासी ओडबस्ती पिपली चौक अम्बामाता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 13 सितंबर को श्रीराम सर्विस सेंटर हाथीपोल पर कार खड़ी की थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन सुराग नहीं लगा।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**उदयपुर।** बैकरिया थाना क्षैत्र में जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाईक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैकरिया थाना क्षैत्र पिलका कट रोड़ पर जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक पिपरणा चित्रावास निवासी लसाराम (42) पुत्र चेलाराम गरासिया की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# 'भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति का गौरवशाली इतिहास, नई पीढ़ी को उससे जोड़ने की जरूरत'

- भारतीय चिंतन में महिला विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**उदयपुर ।** भारत अपने प्राचीन काल से ही अपने दर्शन और दृष्टिकोण के माध्यम से विश्व को संदेश देता आया है, किंतु वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए आज हमें महिला विषय जैसे महत्वपूर्ण पहलू पर गहन विमर्श की आवश्यकता है। आज व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की सामूहिक चेतना के स्थान पर व्यक्तिगत स्वार्थ केंद्र में आ गया है, और वैश्विक वैचारिक प्रभावों के कारण हमारी नई पीढ़ी भ्रमित हो रही है। आधुनिकता और अधिकारों के नाम पर हमें हमारी परंपराओं और मूल्यों से दूर करने का प्रयास हो रहा है, जहाँ हमारी पीढ़ी आधुनिक उपकरणों और आभासी दुनिया में उलझती जा रही है। ऐसे समय में हमारा दायित्व है कि हम नई पीढ़ी को हमारे गौरवशाली संस्कार, परंपरा, धार्मिक मूल्य, रीति-रिवाज और पौराणिक वैभव से परिचित कराएं, और उनकी वैज्ञानिकता को भी समझाएं।

उक्त विचार रविवार को राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में भारतीय चिंतन में महिला विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करती हुई राजस्थान सरकार की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास विदुषी महिलाओं से भरा है, जिन्होंने राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रज्ञा और प्रतिभा का परिचय दिया है। त्याग, समर्पण, प्रेम, संस्कार, आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहाँ भारतीय महिलाओं की भागीदारी न रही हो। दुर्भाग्यवश वर्तमान पीढ़ी इससे कटती जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उन्नति के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे ताकि वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत का हस्तांतरण सुनिश्चित किया जा सके, जिसमें परिवार और महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने सनातन संस्कृति, आध्यात्म को बढावा देने व संस्कृति को संरक्षित के लिए कई कार्य किए हैं ।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय दर्शन में महिलाओं को केवल पूजनीय नहीं, बल्कि श्रुति, स्तुति, काव्य, तर्क और स्वयं रिचा के रूप में देखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला आदर्श शिल्पकार, अग्रणी नेतृत्वकर्ता और प्रज्ञा, आर्थिक तथा बौद्धिक शक्ति की प्रतीक रही है। चाहे प्राचीन काल हो या वर्तमान युग, भारतीय महिलाओं ने सेवा, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय, राजनीति और समाजसेवा जैसे सभी क्षेत्रों में अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज कराई है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि इस गौरवशाली परंपरा को पुनः समाज के समक्ष लाया जाए और महिलाओं के ऐतिहासिक योगदान को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जाए।

आयोजन सचिव डॉ. युवाराज सिंह राठौड़ ने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक जे. नंद कुमार ने कहा कि भारत ने इतिहास में अनेक आक्रांताओं के प्रहार सहे, लेकिन भारतीय मनीषा और सांस्कृतिक चेतना ने उन्हें आत्मसात कर लिया। पश्चिमी आंदोलनों और वैचारिक हस्तक्षेपों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को विकृत कर, विशेष रूप से महिलाओं की भूमिका को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन सदैव से शक्ति को केंद्र में रखता है, जहाँ स्त्री को केवल पूजनीय नहीं, बल्कि सृजन, ज्ञान और चेतना का स्रोत माना गया है। यहां स्त्री-पुरुष में भेद नहीं, पूरकता का भाव है। वक्ता डॉ कमलेश शर्मा ने भारतीय विचारधारा सृष्टि को विभाजित नहीं, एकात्मक दृष्टि से देखती है। यहां धरती को केवल संसाधन नहीं, मां के रूप में सम्मान दिया गया है। जबकि पश्चिमी सोच में भौतिक सुख और स्वार्थ पूर्ति के कारण प्रकृति से दूरी और विभाजन की भावना विकसित हुई।

## डॉ. कुंजन और डॉ. विप्लवी हिंदी दिवस पर सम्मानित

- राज्य स्तरीय समारोह में पत्रकारिता क्षेत्र का इस साल का हिंदी सेवा पुरस्कार उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रदान किया

**उदयपुर ।** मोहन लाल सुखाडिया विवि उदयपुर में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ कुंजन आचार्य और स्वतंत्र पत्रकार डॉ विजय विप्लवी को राजस्थान सरकार के भाषा विभाग की ओर से हिंदी दिवस पर जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय सभागार में राज्य स्तरीय समारोह में पत्रकारिता क्षेत्र का इस साल का हिंदी सेवा पुरस्कार उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रदान किया। पुरस्कार के रूप में दोनों को पचास हजार का चेक,शाल, श्रीफल और पुस्तकें और प्रशस्ति पत्र दिया गया।उपमुख्यमंत्री के साथ शासन सचिव कार्मिक विभाग केके पाठक,शासन सचिव स्कूल शिक्षा भाषा एवं पुस्तकालय विभाग भाषा एवम पुस्तकालय कृष्ण कुणाल,शासन सचिव अनुपमा जोरवाल, मनीष गोयल और तकनीकी विषयों के देश के जाने माने विशेषज्ञ बालेंदु शर्मा दाधीच ने यह पुरस्कार प्रदान किया।

## प्रतिष्ठा को पुनस्थापित करने का संकल्प

**उदयपुर ।** मेवाड की धरती पर भारतीय कालगणना, पंचांग और ज्योतिष पर इस मंथन को शास्त्रार्थ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि जिस तरह भारतीय परम्परा में किसी भी सिद्धांत को शास्त्रार्थ से स्थापित करने की परम्परा रही है, उसी प्रकार दो दिन की इस संगोष्ठी में विद्वतजनों ने भारतीय कालगणना की प्राचीनता और वैज्ञानिकता को प्रतिपादित करने में महत्वपूर्ण संदर्भ शोधपत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किए हैं। आवश्यकता है कि इस क्रम की निरंतरता को प्रवाहमान बनाए रखने की और मेवाड से शुरू हुई इस पहल को अखिल भारतीय स्तर पर विद्वत समिति बनाकर विश्व के समक्ष भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा को पुर्नस्थापित करने का प्रयास करने की।

यह बात रविवार को प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में भारतीय कालगणना, पंचांग और ज्योतिष विषय पर चल रही अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हनुमान सिंह ने कही। प्रताप गौरव केन्द्र और देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने विद्वानों का आव्हान करते हुए कहा कि यह मंथन का पुनः आरंभ है, इति नहीं।

ग्रेगोरियन कैलेंडर से कई गुना सटीक और प्राचीन भारतीय कालगणना है जिसे हमें आज की भाषा में भारतीय जनमानस को समझाना होगा। हनुमान सिंह ने कहा कि हमें अपने ही ज्ञान से दूर करने का षड्यंत्र अंग्रेजों के शासन में लॉर्ड मैकाले के समय में शुरू हुआ और मैकाले ने स्पष्ट कहा था कि भारत की संस्कृति को कमजोर करना है तो भारत को संस्कृत से दूर करना होगा। हनुमान सिंह ने कहा कि जापान में ऐसा साफ्टवेयर बन चुका है जो मानव शरीर के चक्र सिद्धांत पर आधारित है। अध्यक्षता कर रहे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. बीपी शर्मा ने कहा कि हमें अब आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को जोडने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। इससे गणनाएं सटीक होने के साथ प्राचीनतम गणनाओं तक पहुंचने में भी सरलता बन सकेगी। प्रो. शर्मा ने प्राचीन शास्त्रों में वर्णित दृष्टांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि गहराई से विचार करेंगे तो यह दृष्टांत हमारी कालगणना और ग्रंथों में वर्णित घटनाओं को आपस में जोडते हैं। रामायण में चार दांत वाले हाथी का वर्णन आता है।

## 'शहर को सुंदर बनाने के लिए मिलकर करें प्रयास'

- हरिदास जी की मगरी से पिछोला रिंग रोड लिंक सड़क मार्ग का लोकार्पण कार्यक्रम

**उदयपुर।** पंजाब के माननीय राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया रविवार को अपने गृह क्षेत्र उदयपुर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित हरिदास जी की मगरी से पिछोला रिंग रोड लिंक सड़क मार्ग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा शहर सुंदर से सुंदर बने इस हेतु हम सभी मिलकर प्रयास करें। उदयपुर के विकास के लिए आज यहां प्रशासनिक अधिकारियों की मजबूत टीम लगी हुई है जो स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उदयपुर को आगे बढ़ाने हेतु हरसंभव प्रयास कर रही है।

कटारिया ने कहा कि देवास परियोजनाओं से उदयपुर का वाकई उद्धार हुआ है। उदयपुर ने स्वच्छता के मामले में भी प्रशंसनीय प्रगति की है। जब देवास तृतीय और चतुर्थ पूर्ण हो जाएगी तब उदयपुर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। अमरख जी लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व, बाघदड़ा नेचर पार्क, सज्जनगढ़ लायन सफारी जैसे स्थान पर्यावरण संरक्षण के साथ ही पर्यटन का पर्याय बनेंगे, यह सब सामूहिक प्रयासों से संभव हो रहा है। नांदेश्वर से कविता रिंग रोड बनाने हेतु भी हम सभी प्रयासरत है। उदयपुर में पर्यटकों हेतु सुविधाओं के विस्तार की भी प्रचुर संभावनाएं है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि नए पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट ठहराव करें ऐसी व्यवस्थाएं और सुविधाएँ विकसित की जा सकती हैं। मेवाड़ का गौरवशाली इतिहास और अतीत यहां आने वाला पर्यटक देख और पढ़ पाए ऐसे हमने प्रयास किये है। आयड़ सौंदर्यीकरण के कार्यों के दौरान हमने तकनीकी स्तरों पर विशेष ध्यान रखें हैं ताकि तेज़ पानी आने पर ज्यादा नुकसान ना हो। शहर को पर्यटन ही सबसे ज्यादा रोजगार सृजित कर दे रहा है ऐसे में संतुलित मात्रा में पर्यटन बढ़े इस हेतु हमें सकारात्मक भाव और दूरदर्शिता से सोचना होगा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे प्रदेश सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि आमजन की पीड़ा हम सब की पीड़ा है, इस सड़क के बनने से शार्ट रास्ता भी मिलेगा तथा अनावश्यक जाम से भी निजात मिलेगी। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि उदयपुर के विकास में कोई कमी नही रखेंगे, आयड़ को भी नाले से नदी का स्वरूप दिया है। कहीं कोई कमी रह गई हो तो उसे भी सुधारेंगे। शहर को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करने का कार्य लगातार जारी है। एलिवेटेड सड़क का कार्य भी समय पर पूर्ण करने के ठेकेदार को निर्देश दिए है। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने भी संबोधित किया।

## आयड़ नदी सौंदर्यीकरण कार्य का हुआ बुरा असर

- गई पट्टियां पानी में एक दिन की बाढ ने आरसीसी को भी दिया उजाड

**उदयपुर।** विगत छह सितंबर के एक दिन के आयड नदी तेज प्रवाह ने उसके प्रवाह पथ और आंचल को चोट पहुंचाने वाली हर एक करतूत को नेस्तनाबूद कर दिया है।

रविवार को नदी दौरे पर गए पर्यावरण प्रेमियों ने स्मार्ट सिटी के द्वारा कराए कथित विकास कार्यों का बुरा हश्र देखा । पेटे पर हुए गलत कार्यों का विनाश कर नदी अपने पेटे का सुधार कर रही है। निरीक्षण में सम्मिलित डॉ अनिल मेहता ,तेज शंकर पालीवाल, नंद किशोर शर्मा तथा कुशल रावल ने पाया कि एक दिन के प्रवाह ने नदी में बनाई आरसीसी की दीवारों को भी नहीं बक्शा है। उल्लेखनीय है कि जब यह आरसीसी कार्य करवाया जा रहा था, तब कई जागरूक नागरिकों ने आगाह किया था कि अव्वल तो नदी पेटे पर आर सी सी निर्माण गलत है, और यदि कर भी लिया तो नदी उसे तोड देगी। यही नहीं नदी तल लगाए गए पत्थर के भारी भरकम चौकों, पट्टियों को भी नदी ने पूरा दंड दिया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने पिछले वर्ष के पानी प्रवाह में पट्टियों व चौकों को खिसकते देखा तो लोहे की क्लिप व केमिकल से इन पत्थरों को एक दूसरे से जोड दिया ताकि वे एक दूसरे को थाम कर रख सके, लेकिन नदी ने इन क्लिप्स को भी सबक सिखा दिया। नदी बहाव में ये टूट गई है।

कई भारी भरकम पट्टियां पानी बहाव में बह भी गई है और जनता की कमाई के करोडों रुपए , पब्लिक मनी व्यर्थ हो गई। जो कुछ पट्टियां बही नहीं, उनके नीचे की मिट्टी बह गई । यदि दो तीन दिन भी नदी में बहाव चल जाए तो यह पट्टियां भी बिखर जाएगी। नदी बनाए गार्डन तो पूरी तरह बर्बाद हो गए है। एक दिन के प्रवाह ने यह सिद्ध कर दिया कि पानी के प्रवाह मार्ग में छेडखानी उचित नहीं है । लेकिन, जिद पर आमादा स्मार्ट सिटी मशीनरी फिर से मरम्मत करने पहुंच गई है। पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि इस लीपापोती से कुछ नहीं होगा।

## 'पेडल टू जंगल' संस्करण के पोस्टर का विमोचन किया

**उदयपुर ।** वागड,मेवाड की हरी भरी वादियों, घने जंगलों और प्राकृतिक सौंदर्य से सजे दक्षिण राजस्थान में अब रोमांचक साइक्लिंग का अनोखा अनुभव मिलने जा रहा है। ईको.टूरिज्म को गति देने और जंगल व प्रकृति की ओर लोगों का आकर्षण बढाने के लिए वन विभाग,ग्रीन पीपल सोसायटी, पर्यटन विभाग तथा बेला बसेरा रिसोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में पेडल टू जंगल का 9वां संस्करण 18 से 21 दिसंबरको आयोजित होगा। यह चार दिवसीय आयोजन प्रकृति,पर्यटन और रोमांच का अद्वितीय संगम होगा। रविवार को उदयपुर यात्रा पर पहुँचीं उपमुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने पेडल टू जंगल् के इस संस्करण के पोस्टर का विमोचन किया।

उन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे इस अंचल की प्राकृतिक सौंदर्यश्री,जैव विविधता और कला.संस्कृति के सौंदर्य को देश.दुनिया तक पहुंचाने का बेहतरीन प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यटन को नया आयाम देते हैं बल्कि स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं। इस अवसर पर राहुल भटनागर ने उपमुख्यमंत्री को अपनी नवीनतम प्रकाशित पुस्तक अरण्य् भी भेंट की जिसे मेवाड के जंगलों और जैव विविधता का जीवंत दस्तावेज बताया गया। पुस्तक का आमुख उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा लिखा गया है। यह आयोजन दक्षिण राजस्थान के हरियाले अरण्यों और आदिवासी अंचल की झलक पेश करेगा। चार दिवसीय साइक्लिंग अभियान में देशभर से आने वाले प्रतिभागी जंगल के रास्तो, पहाडियो और नदियों के किनारे से गुजरते हुए प्रकृति के करीब पहुंचेंगे।

आयोजकों का मानना है कि ष्पेडल टू जंगल केवल खेल या मनोरंजन भर नहीं, बल्कि यह दक्षिण राजस्थान के पर्यटन परिदृश्य में एक स्थायी पहचान बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न सिर्फ वनों और वन्यजीवों के संरक्षण का संदेश जाएगा बल्कि स्थानीय पर्यटन व्यवसाय,रिसोर्ट्स और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

## परिवार को मुआवजा, नौकरी की मांग

**उदयपुर।** उदयपुर में मकान मालिक द्वारा किराएदार की हत्या के मामले में रविवार को सायरा में भारी विरोध प्रदर्शन किया गया । राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने कस्बे को पूरी तरह से बंद करा दिया । सायरा से रणकपुर और भानपुरा जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया । बडी संख्या में लोग सायरा बस स्टैंड पर धरने पर बैठ गए । मृतक के परिवार को 51 लाख रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के साथ ही आरोपी को सख्त सजा दिलाने की मांग पर अडे रहे । राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने कस्बे को पूरी तरह बंद करा दिया। इस दौरान में टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।तनाव को देखते हुए तहसीलदार सुरेश मेहता और सायरा थानाधिकारी किशोर सिंह शक्तावत पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

## 'सिन्दूर नृत्य और ऑपरेशन सिन्दूर की प्रस्तुतियों ने जगाया जज्बा' : जे पी अग्रवाल

- संख्या बल में श्रेष्ठ समाज, सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अहम् भूमिका तथा देश की अर्थ व्यवस्था चलाने एवं रोजगार देने में अव्वल होने के बाद संगठित न होने से कमजोर - के के गुप्ता

**उदयपुर।** जिला अग्रवाल युवा सम्मेलन की ओर से आयोजित अग्र संगम-2025 सुखाडिया रंगमंच पर संपन्न हुआ। खचाखच भरे रंगमंच पर सिन्दूर आरती और ऑपरेशन सिन्दूर जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया और बार-बार भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष गूंजता रहा।

इंडियन आइडल फेम पिकोसा की ग्रैंड परफॉर्मेंस ने सभी का दिल जीत लिया। समारोह में अग्रवाल समाज के दिग्गज उद्योगपतियों ने भी शिरकत की और साथ ही राजनीति में अग्रवाल समाज की भागीदारी बढाने की मांग भी उठी। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन संभागीय प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने बताया प्रदेश एवं उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन के नेतृत्व में अग्र संगम-2025 सुखाडिया रंगमंच पर समारोह के साथ संपन्न हुआ।

युवा सम्मेलन अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन के बाद समाज की महिलाओं ने बॉलीवुड सांग से धमाकेदार प्रस्तुति से आगाज किया। फतहनगर अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मातारानी को समर्पित सिन्दूर नृत्य की प्रस्तुति पूरा माहौल ही धर्ममय कर दिया।

मां की जयकारों के साथ प्रस्तुति में समाज की 25 से 60 वर्ष तक की महिलाओं ने भागीदारी की। आमतौर पर बंगाल में होने वाला यह सिन्दूर नृत्य देखकर लोग रोमांचित हो उठे। महिला जिला अध्यक्ष सुशीला गुप्ता व टीम की ओर से भी डांस की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सेशन न्यायाधीश उदयपुर ज्ञान प्रकाश गुप्ता, विधायक ताराचंद जैन, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज जेपी अग्रवाल, जीआर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर महेंद्र अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि डीपीएस स्कूल के चेयरमेन गोविंद अग्रवाल, शशिकांत खेतान, केदार नाथ खेतान, प्रताप नारायण कानोडिया, माणक अग्रवाल, शांतिलाल वेलावत, प्रदेश महामंत्री संजय निमोदिया, विशिष्ट अतिथि जिनेन्द्र शास्त्री, पायल गोयल उपस्थित रहे। सभी का कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष के के गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल व समाज अध्यक्ष मदन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष वीणा अग्रवाल, महिला जिला अध्यक्ष सुशीला गुप्ता द्वारा विशेष सम्मान किया । समारोह में उद्योगपति महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा टेक्स पेयर अग्रवाल समाज है।

## सार-समाचार

### नकबजनी का मुख्य ईनामी सरगना व सहयोगी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा।** सदर थाना पुलिस ने रात्रि के समय मंदिरों व सुने मकानों में चोरी करने वाली गैंग के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर दर्जनों घटनाओं का खुलासा करते हुए नकबजनी की वारदात के मुख्य ईनामी सरगना व सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सदर थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जिले में हो रही चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करने के लिये एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के सुपरविजन एवं पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल गठन किया। सदर थाने की टीम ने गहन अनुसंधान करते हुए तकनीकि विश्लेषण, मुखबीरों से सूचनाएं संकलित की वहीं जिले में अलग-अलग जगहों पर मंदिरों व सुने मकानों में रात्रि के समय नकबजनी व चोरी की घटना के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज प्राप्त किये। पुलिस टीमों ने वैज्ञानिक तरीकों के साथ-साथ परम्परागत पुलिसिंग अपनाते हुए मुखबीरों से लगातार संपर्क में रहते हुए सूचनाएं प्राप्त की वहीं पूर्व में सम्पत्ति संबंधी अपराधों में चालानशुदा अपराधियों पर सतत निगरानी रखते हुए उनके मोबाइल नंबरों की सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण किया। पूर्व में नकबजनी, चोरी व अन्य प्रकरणों में शामिल संदिग्ध रमेश उर्फ रमिया पुत्र भाणजी निनामा निवासी खेरडाबरा थाना भूंगडा व सुनील पुत्र प्रभु मईड़ा निवासी पिपलवा जिन्हें की कोतवाली थाना पुलिस ने 29 अगस्त को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इन्होंने अपने साथी मुख्य सरगना सुरज पुत्र बबु मईडा निवासी पिपलवा व संजय उर्फ सोनु पुत्र हरदु चरपोटा निवासी रघावा के नाम बताये। जिनकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। इन लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो इन लोगों ने नौ वारदातों को स्वीकार किया जिनमें चारणेश्वर मंदिर, रिको में ईत्र की दुकान, राधाकृष्ण मंदिर, जैन मंदिर परतापुर, पाराहेरडा गांव में बाईक चोरी, जैन मंदिर घाटोल, तलवाडा के मकान व जैन मंदिर, दशहरा गामडी के राधाकृष्ण मंदिर एवं घाटोल से टीवीएस राईडर की घटनाएं स्वीकार की।

### पेंशनर समाज द्वारा आयोजित हुआ निःशुल्क नेत्र एवं दंत रोग जांच एवं उपचार शिविर

**निम्बाहेड़ा।** पेंशनर समाज निम्बाहेडा के सौजन्य से 14 सितंबर, रविवार को स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बाहेडा परिसर स्थित ओमवती शर्मा प्रार्थना सभा भवन में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र एवं दंत रोग जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नीमच (मप्र) के गोमाबाई नेत्रालय की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम एवं बिश्नोई डेंटल क्लिनिक निम्बाहेडा के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.आर. बिश्नोई द्वारा रोगियों की जांच पश्चात उपचार किया गया। शिविर का शुभारम्भ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा, भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, अंतरिक्ष साहू एवं पेंशनर समाज निम्बाहेडा के अध्यक्ष मानमल शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात पेंशनर समाज के अध्यक्ष मानमल शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर समाज इकाई सदस्यों ने शिविर के उद्घाटन समारोह के अतिथियों का उपरना एवं शॉल ओढाकर स्वागत किया, वहीं शिविर में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों का समारोह के अतिथियों ने शॉल एवं उपरना ओढाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया शिविर में पेंशनर समाज निम्बाहेडा के शिविर प्रभारी नरेंद्र मोरे, माणकलाल बजाज, सुजानमल जैन, सलीम खान, एजाज अहमद, कय्यूम खान, श्रीमती शीला गौड़, जानकीलाल जोशी, नंदकिशोर ओझा, इंद्रा कुमावत, सज्जन देवी टेलर, रामनिवास वैष्णव, माणकलाल सोनी, मोहसिन खान आदि ने महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की।

### प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**निम्बाहेड़ा।** निम्बाहेड़ा उपखण्ड मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के सानिध्य में रविवार को 14 वर्ष आयु वर्ग छात्र-छात्रा खिलाड़ियों की 69 वीं जिला स्तरीय फुटबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, सहायक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशिकुमार उपाध्याय आदि मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह के आरम्भ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। ततपश्चात विद्यालय संस्था प्रधान नाथूलाल कदमालिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए आयोजित की जा रही जिला स्तरीय फुटबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता के बारे में अतिथियों को विस्तार से जानकारी दी तथा आयोजन में सहयोग देने वाले भामाशाहों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों से इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग में फुटबाल की 36 एवं टेबल टेनिस की 11 टीमों के छात्र-छात्रा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### समरसता भोज का आयोजन दशहरे पर

**बांसवाड़ा।** सर्व सनातन जागरण मंच की ओर से सामाजिक समरसता और एकता के लिए आयोजित किए जाने वाले कन्या पूजन एवं समरसता भोज का आयोजन दशहरे पर किया जाएगा। कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम को सुचारू संचालित करने व सफलतम आयोजन की तैयारी बैठक बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न दायित्व का निर्धारण किया गया। इस बार कार्यक्रम का मुख्य विषय बालिका एवं महिला सशक्तिकरण को रखा गया है जिसमें समाज में इस विषय पर कार्यरत बालिकाओं और महिलाओं को समाज के मध्य उनके कार्य को बढ़ावा मिले इसके लिये विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही ऐसी बालिकाओं और महिलाओं को भी मंच दिया जाएगा जो समाज में कार्य करते हुए संघर्षरत है और जिन्हें मदद की जरूरत है। बैइक में कई सुझाव भी आमंत्रित किए गए जिससे कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता को बढ़ाया जा सके। जिस पर लोगों ने अपने विचारों से मंच को अवगत करवाया जिस पर मंच ने उनकी राय और विचारों को अनुकूलता के आधार पर सम्मिलित करने पर सहमति जताई। ध्यान रहे कि सर्व सनातन जागरण मंच विगत डेढ़ दशक से भी अधिक समय से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। 51 बालिकाओं के पूजन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम की भव्यता अब 1100 से अधिक कन्याओं के सामूहिक पूजन, भोजन प्रसाद और भव्य आरती के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। साथ ही सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिये इसमें सभी समाजों की भागीदारी भी उल्लेखनीय है।

### रिको क्षेत्र में मिले शव की हुई पहचान

**बांसवाड़ा।** परतापुर नगरपालिका के रीको ओद्यौगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर कुछ लोंगों ने शव देखने के बाद पुलिस को सुचना दी जिस पर पुलिस घटना स्थल पहुंची। जानकारी के अनुसार सुबह रीको से जा रही नहर किनारे एक युवक का शव देखा गया जिसकी सूचना पर परतापुर चैकी प्रभारी जयपाल सिंह मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे वहीं डिप्टी सुदर्शन पालीवाल भी मौके पर पहुंचे एवं मौका मुआवना कर शव को जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किये। डिप्टी सुदर्शन पालीवाल ने बताया कि शिनाख्त करवाने के बाद पोस्टमार्टम किया जायेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चलेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक के परिजनों को पता लगने के बाद उसकी शिनाख्त आनंदपुरी निवासी 25 वर्षीय विकेश पुत्र सुभाष नाई के रूप में हुई।

### हिंदी दिवस मनाया

**बांसवाड़ा** लियो कॉलेज में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिणक कार्यक्रम तथा निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में कनिष्का दवे, जानवी गहलोत, गगन सिंह राठौड़, बजरंग झा, कान्हा, मुफद्दल सहित प्रतिभागियों ने प्रभावशाली वक्तत्व कला का परिचय दिया। उनके विचारों में हिंदी भाषा की समृद्धि, सामाजिक उपयोगिता और राष्ट्रीय एकता में योगदान की झलक दिखाई दी। कॉलेज निदेशक मनीष त्रिवेदी ने कहा कि आज तकनीकी शिक्षा भी हिंदी माध्यम से उपलब्ध हो रही है। डिजिटल युग में हिंदी ने वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है और आने वाले समय में इसकी प्रासंगिकता और भी बढ़ेगी।